(4) शनि, शुक्र, नेप्च्यून

89. पृथ्वी को भू-आभ के रूप में क्यों वर्णित किया जाता है ? निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(1) पृथ्वी ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है ।

(2) पृथ्वी न तो अधिक गर्म है और न ही अधिक ठण्डी है ।

(3) पृथ्वी की दो तिहाई सतह जल से ढकी है ।

(4) जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ केवल पृथ्वी पर पाई जाती हैं ।

90. पृथ्वी से चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है, क्योंकि :

(1) चंद्रमा अपने अक्ष पर एक चक्कर पूरा करने से कहीं अधिक समय पृथ्वी का चक्कर पूरा करने में लेता है ।

(2) चंद्रमा पृथ्वी का एक चक्कर पूरा करने में जितना समय लेता है, उतना ही समय अपने अक्ष पर एक चक्कर पूरा करने में लेता है ।

(3) चंद्रमा केवल पृथ्वी का चक्कर लगाता है, परंतु अपने अक्ष पर चक्कर नहीं लगाता है ।

(4) चंद्रमा पृथ्वी का चक्कर नहीं लगाता है, केवल अपने अक्ष पर चक्कर लगाता है ।

## PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **91-99**) by selecting the **most appropriate** options :

One of the unhealthiest emotions is anger. It destroys our ability to think clearly, properly and in totality. Anger also has adverse impact on health. If you ask a selection of people what triggers their anger, you would get a wide range of answers. However, whatever the cause, even a single word spoken in anger can leave a lasting impression on a person's heart and has the ability to ruin the sweetness of any relationship.

A sage once said, "How can there be peace on earth if the hearts of men are like volcanoes ?" We can live in harmony with others only when we overcome anger and make room for peace. So how can we set about creating that sense of peace within ourselves ? It starts with the realisation that we do have the choice to think and feel the way we want to . If we look at what it is that makes us angry, we might discover there is nothing that has the power to make us feel this way. We can only allow something to trigger our anger – the anger is a way in which we respond to an event or person. But because we are so used to reacting on impulse, we forget to choose how we want to feel, and end up reacting inappropriately, leaving ourselves with angry feelings.

Meditation helps us create personal space within ourselves so that we have the chance to look, weigh the situation, and respond accordingly, remaining in a state of self-control. When we are angry, we have no self-control. At that moment, we are in a state of internal chaos, and anger can be a very destructive force.

Stability that comes from practice of meditation can create a firm foundation, a kind of positive stubbornness. Others can say whatever they want, and it may also be true, but we don't lose our peace or happiness on account of that. This is to respect what is eternal within each of us.

We give ourselves the opportunity to maintain our own peace of mind, because let's face it, no one's going to turn up at our door with a box full of peace and say, "Here, I think you could do with some of this today!" There is a method which could be described as sublimation, or the changing of form. With daily practice and application of spiritual principles in our practical life, experience of inner peace can come naturally.

91. **How can we get peace of mind ?**

(1) Through prolonged medication

(2) By accepting life as it comes

(3) By enjoying good health

(4) By overcoming anger

92. **To overcome anger, meditation helps us by _____.**

(1) removing the trigger

(2) giving us the choice to think

(3) remaining in a state of self-control

(4) offering us a wide range of answers

93. **Why should we not get angry with a friend ?**

(1) It may give us a heart attack.

(2) It affects over health.

(3) It ruins our relationship.

(4) It damages our intellectual ability.

94. **The antonym for the word, 'triggers' is :**

(1) excites

(2) prolongs

(3) deviates

(4) controls

95. **The synonym for the word, 'adverse' is :**

(1) angry

(2) successful

(3) unfavourable

(4) similar

96. **Which part of speech is the underlined word ?**

**.......... can leave a <u>lasting</u> impression on a .........**

(1) Noun

(2) Pronoun

(3) Verb

(4) Adjective

97. **Meditation <u>helps us create</u> personal space.**

**Voice in the above sentence has been correctly changed in :**

(1) We are helped by meditation to create personal space.

(2) Personal space has been created by meditation.

(3) We have been helped to create personal space.

(4) Personal space is helped by meditation.

98. **What is anger ?**

(1) It is loss of control over our temper.

(2) It is our reaction to an event or person.

(3) It is release of our pent up emotions.

(4) It is an effort to avenge ourselves.

99. **Getting angry _______.**

(1) affects the clarity of our mind
(2) gives us a feeling of superiority
(3) makes us feel ashamed of ourselves
(4) affects our digestive system

**Directions :** Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **100-105**) by selecting the **most appropriate** options :

I must go down to the seas again, to the lonely sea and the sky,
And all I ask is a tall ship and a star to steer her by,
And the wheel's kick and the wind's song and the white sail's shaking,
And a gray mist on the sea's face and a gray dawn breaking.

I must go down to the seas again, for the call of the running tide
Is a wild call and a clear call that may not be denied ;
And all I ask is a windy day with the white clouds flying,
And the flung spray all the blown spume, and the sea-gulls crying.

I must go down to the seas again to the vagrant gypsy life.
To the gull's way and the whale's way where the wind's like a whetted knife;
And all I ask is a merry yarn from a laughing fellow-rover,
And quiet sleep and a sweet dream when the long trick's over.

100. **The poet likes a windy day because :**

(1) it brings drops of rain.
(2) the sky gets overcast with white clouds.
(3) sea-gulls enjoy it among the clouds.
(4) it helps the ship sail smoothly.

101. **What does the poet want to listen to ?**

(1) A happy tale of adventure
(2) A happy song of the sea
(3) A sad song of the wailing winds
(4) The sound of flapping sails

102. **What does the poet need to steer the ship ?**

(1) Star, sail and wind
(2) Wheel, sail and star
(3) Wheel, star and wind
(4) Wheel, wind and sail

103. **Which figure of speech is used in 'where the wind is like a whetted knife' ?**

(1) Metaphor
(2) Simile
(3) Personification
(4) Transferred Epithet

104. **The phrase 'a merry yarn' in the poem is an example of :**

(1) Transferred Epithet
(2) Metaphor
(3) Assonance
(4) Simile

105. **Invitation of the running tide can't be denied because :**

(1) it is wild and clear.
(2) it is made on a windy day.
(3) it can turn violent.
(4) it is made very lovingly.

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options.

**106. In order to know the correct pronunciation of English words, the learner should**

(1) know the meanings only.

(2) know the spelling.

(3) know how to write the words.

(4) know the spelling, meanings and how they are pronounced.

**107. A word gets its meaning :**

(1) from its origin

(2) in relation to its context

(3) from dictionary only

(4) spelling

**108. When we sing a rhyme in an English language classroom, we :**

(1) teach learners to understand the words.

(2) teach them to learn to sing.

(3) familiarise the learner with the English sounds.

(4) teach them to read.

**109. A teacher reads out the text and explains it word-for-word in English. What method/approach does she adopt in her class ?**

(1) Direct method

(2) Structural approach

(3) Communicative language teaching

(4) Task based language teaching

**110. Students are asked to read a short text and make points for discussion. What skills of the learners are assessed ?**

(1) Study skills

(2) Listening skills

(3) Speaking skills

(4) Writing skills

**111. While learning vocabulary, learners connect one word with its related words and the words which can occur before and after it. What is this technique called ?**

(1) Collocation

(2) Conversation

(3) Dictation

(4) Note making

**112. In a constructivist classroom while teaching a poem which of the following is <u>not ideal</u> ?**

(1) While teaching, a teacher should first give an introduction of the poet.

(2) The poem does not need an introduction of the poet in the beginning.

(3) Learners may find out on their own about the poet.

(4) Learners should be able to discover the ideas and meaning of the poem.

113. **Etymology is :**

(1) science of knowing the origin of words.

(2) science of Pedagogy.

(3) science of study of language.

(4) science of meaning of words.

114. **Teachers in an English medium school use only English to teach Science, Social Science and Mathematics. What approach do they adopt ?**

(1) Bilingualism

(2) Multilingualism

(3) Immersion

(4) Multidisciplinary approach

115. **Which one of the following skills is assessed if 'cloze' is used as a tool ?**

(1) Reading for langauge learning

(2) Writing for language listening skills

(3) Speaking

(4) Listening

116. **Scanning & Skimming are strategies for :**

(1) reading

(2) writing

(3) speaking

(4) thinking

117. **Continuous comprehensive evaluation is :**

(1) continuous testing

(2) continuous assessment

(3) assessment of learners while learning

(4) periodic conduct of exams

118. **The first generation learners are those who are :**

(1) the first from their family to come to school.

(2) coming first time to school to seek admission.

(3) learning Hindi for the first time.

(4) learning English for the first time.

119. **The whole language perspective is :**

(1) teaching of micro skills first.

(2) teaching of LSRW separately.

(3) teaching of language skills in an integrated manner.

(4) teaching for application.

120. **A good paragraph writing in English involves :**

(1) Legible handwriting

(2) Correct punctuation marks

(3) Ideas, presentation and coherence

(4) Flowery language

# भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण** : परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र. सं. 91-120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश** : नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 91-99) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

"किसी को देखने के लिए आँख की नहीं, दृष्टि की आवश्यकता होती है" – स्वामी विवेकानंद का यह कथन इस महिला के जीवन का दर्शन बन गया है । इसी जीवन दर्शन के सहारे उन्होंने एक ओर कठिनाइयों का सामना किया तो दूसरी ओर सफलता का मार्ग ढूँढ़ा और उस पर निर्भयता से बढ़ चलीं । जी हाँ, हम बात कर रहे हैं मुंबई की रेवती रॉय की ।

रेवती रॉय वह महिला हैं जिन्होंने महिलाओं की कठिनाइयों को ध्यान में रख केवल उन्हीं की सुविधा के लिए 'फॉरशी' नाम से कैब-सेवा प्रारंभ की । उद्देश्य स्पष्ट था – कामकाजी और ज़रूरतमंद महिलाओं को अपने शहर में सुरक्षित सफ़र का भरोसा देना । यह सेवा उन महिलाओं के लिए वरदान साबित हुईं जिन्हें महानगरों में मुँह बाए बैठे अपराधी तत्त्वों या परपीड़ा में आनंद लेने वालों से प्राय: रोज़ ही जूझना पड़ता है ।

खतरों और आशंकाओं से भरी सड़क-परिवहन की ज़िंदगी में कदम रखने का निर्णय लेना रेवती के लिए सरल नहीं था । लेकिन कभी-कभी विवशता भी प्रेरणा देती है । ऐसे ही अवसरों पर 'आँख नहीं, दृष्टि' वाला दर्शन प्रेरक होता है । गंभीर बीमारी से जूझ रहे पति के इलाज में सारी जमापूँजी चुक जाने के बाद रेवती को अपने अस्तित्व के लिए कुछ-न-कुछ करना था । सो उन्होंने एकदम नया रास्ता चुना – कैब के द्वारा महिलाओं को सुरक्षित यात्रा का आश्वासन ।

**91. कामकाजी महिलाओं को प्राय: नित्य ही जूझना पड़ता है –**

(1) गृहस्थी की समस्याओं से

(2) परपीड़क और अपराधी लोगों से

(3) मनमानी करने वाले चालकों से

(4) परिवहन की समस्याओं से

**92. कैब सेवा प्रारंभ करने के पीछे कारण था –**

(1) सामाजिक दबाव

(2) पारिवारिक विवशता

(3) समाजसेवा की भावना

(4) महिलाओं की कठिनाइयाँ

**93. रेवती रॉय ने एकदम नया रास्ता चुना**

(1) बीमार पति की देखभाल का

(2) महिलाओं के लिए कैब संचालन का

(3) खतरों में कदम रखने का

(4) लोगों की सेवा करने का

94. किस ज़िंदगी को खतरों और आशंकाओं से भरा माना गया है ?

(1) महानगरों की

(2) सड़क परिवहन की

(3) 'फॉरशी' कैब संचालन की

(4) कामकाजी महिलाओं की

95. कौन-सा विकल्प गद्यांश के मुख्य भाव के सबसे निकट है ?

(1) हिम्मत और ज़िंदगी

(2) हिम्मत करे इंसान तो क्या काम है मुश्किल

(3) साहस और खतरे

(4) पहले घर फिर बाहर

96. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों हैं ?

(1) परिवहन

(2) कठिनाइयाँ

(3) प्रारंभ

(4) सफलता

97. 'परपीड़ा' शब्द का गद्यांश में प्रयोग के अनुसार अर्थ है

(1) दूसरों की पीड़ा

(2) दूसरों को पीड़ा

(3) दूसरों से पीड़ा

(4) दूसरों में पीड़ा

98. गद्यांश के प्रारंभ में उद्धृत कथन किसके जीवन का दर्शन बना ?

(1) विवेकानंद के

(2) असुरक्षित महिलाओं के

(3) संघर्षशील व्यक्ति के

(4) रेवती रॉय के

99. रेवती रॉय की कैब सेवा मूलत: किसके लिए है ?

(1) ज़रूरतमंद लोगों के लिए

(2) मुंबई के निवासियों के लिए

(3) कामकाजी महिलाओं के लिए

(4) महानगरों के लिए

**निर्देश :** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों (प्र.सं. **100-105**) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए ।

गरजते घन घनन-घन-घन,
नाचता है मोर-सा मन,
ऐसी पड़ी झर-झर झड़ी –
भीगा बदन बेसुध है मन ।
आज वर्षा अजब आई !
बह रही है मस्त पुरवाई,
नदी है द्वार तक आई,
मेघों से लिपटकर सो गया सूरज –
ले रहे हैं खेत अँगड़ाई ।
आज वर्षा गजब आई !

100. 'लिपटकर सो गया सूरज' का भाव है कि सूर्य

(1) नींद में है ।

(2) खो गया है ।

(3) थक गया है ।

(4) छिप गया है ।

101. 'पुरवाई' से आशय है –

(1) पूर्व से आने वाली वायु

(2) पूर्व को बहने वाली नदी

(3) पूर्व की ओर बहने वाली पवन

(4) मदमस्त करने वाली हवा

102. 'बेसुध है मन' कहकर कवि बताना चाहता है कि मन –

(1) पानी से भीग जाता है ।

(2) मस्त हो जाता है ।

(3) गाने लगता है ।

(4) झूमने लगता है ।

103. खेत अँगड़ाइयाँ ले रहे हैं क्योंकि –

(1) सूर्य दिखाई नहीं दे रहा है ।

(2) सूर्य के सो जाने से उन्हें भी नींद आ रही है ।

(3) सुबह हो गई, वे नींद से जाग रहे हैं ।

(4) उन्हें बहुत आनंद आ रहा है ।

104. 'गरजते घन घनन-घन-घन' – में अलंकार है

(1) उपमा

(2) अनुप्रास

(3) रूपक

(4) श्लेष

105. मन की उपमा किससे दी गई है ?

(1) बादलों से

(2) वर्षा से

(3) मोर से

(4) सावन से

**निर्देश** : नीचे दिए गए प्रश्नों के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

106. सतत आकलन का उद्देश्य यह जानना है कि –

(1) बच्चों ने कितना सीखा है ।

(2) बच्चों ने क्या सीखा है ।

(3) बच्चे कैसे सीखते हैं ।

(4) बच्चे क्यों नहीं सीखते ।

107. जब शिक्षिका पूछती है कि "हम भी सफल होंगे – इस वाक्य में 'भी' लगने से अर्थ में क्या अंतर आता है ?", तो इसका आशय है कि शिक्षिका बच्चों को –

(1) व्याकरण सिखाना चाहती है ।

(2) परीक्षा के लिए तैयार करना चाहती है ।

(3) अवलोकन क्षमता के अवसर देना चाहती है ।

(4) भाषा की बारीकियाँ समझाना चाहती है ।

108. हिंदी भाषा के शिक्षक के रूप में आपके लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण है –

(1) भाषा-कौशलों का ज्ञान

(2) संवैधानिक मूल्यों की जानकारी

(3) भाषा-प्रयोग की क्षमता का विकास

(4) व्याकरणिक नियमों की जानकारी

109. साहित्य की किस विधा के शिक्षण में सस्वर पठन सर्वाधिक अपेक्षित है ?

(1) एकांकी

(2) जीवनी

(3) आत्मकथा

(4) संस्मरण

110. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा में अभिव्यक्ति परखने के लिए आप किस प्रश्न को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण समझते हैं ?

(1) सेना ने पार्क को क्यों घेर लिया था ?

(2) लेखक ने ऐसा क्यों कहा कि ताज़ा बर्फ धोखा देने वाली होती है ?

(3) 'लोकगीत संस्कृति के परिचायक होते हैं' – इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(4) 'आँखों पर पर्दा पड़ना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

111. कक्षा आठ में पढ़ने वाली नंदिनी लिखते समय वर्तनी की अशुद्धियाँ करती है । भाषा-शिक्षक के रूप में आप अपनी क्या ज़िम्मेदारी मानते हैं ?

(1) नंदिनी को समझाना कि वर्तनी की अशुद्धियाँ करने पर उसके अंक कट जाएँगे ।

(2) नंदिनी को समझाना कि वर्तनी की शुद्धता ही लेखन का सशक्त पहलू है ।

(3) नंदिनी को ऐसे अवसर प्रदान करना कि वह स्वयं उनमें सुधार करे ।

(4) नंदिनी की अशुद्धियों को काटकर सही करना और उन्हें बीस-बीस बार लिखवाना ।

112. उच्च प्राथमिक स्तर पर मुहावरे-लोकोक्तियों के शिक्षण के संबंध में आपके लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –

(1) संदर्भानुसार मुहावरे-लोकोक्तियों के प्रयोगों को समझना और उनका प्रयोग करना ।

(2) मुहावरे-लोकोक्तियों का अर्थ समझाने का प्रयत्न ।

(3) मुहावरे-लोकोक्तियों का वाक्यों में प्रयोग करना ।

(4) अधिक से अधिक मुहावरे-लोकोक्तियों के प्रयोग द्वारा भाषा को आलंकारिक बनाना ।

113. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न "संदर्भ में व्याकरण शिक्षण" को पुष्ट करता है ?

(1) 'घर-घर' शब्द-युग्म का प्रयोग करते हुए दो वाक्य बनाइए ।

(2) 'घर-घर आपकी ही चर्चा है ।' वाक्य में 'घर' शब्द की पुनरावृत्ति से अर्थ पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(3) 'घर-घर' पुनरुक्त शब्द-युग्म है, इसी तरह के दो और शब्द-युग्म बताइए ।

(4) 'घर-घर' पुनरुक्त शब्द-युग्म है, दिए गए शब्द-समूहों में से ऐसे शब्द-युग्म छाँटिए ।

114. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते हुए आपके लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण है –

(1) समस्त व्याकरणिक बिंदुओं का समावेश

(2) भाषा की विविध छटाओं को समेटने वाले पाठ

(3) समृद्ध हिंदी साहित्य की छटा का प्रदर्शन

(4) भाषायी क्षमताओं को बढ़ावा देने के अभ्यास

115. किसी रचना के बारे में स्वतंत्र राय बनाने का आत्मविश्वास विकसित करने के लिए आवश्यक है –

(1) साहित्य-बोध और छंद-बोध

(2) भाषा-बोध और साहित्य बोध

(3) कवि और कविता बोध

(4) साहित्य-बोध और ऐतिहासिक बोध

116. बच्चों के लिए अतिरिक्त पठन सामग्री क्यों विकसित की जाती है ?

(1) भाषा-ज्ञान बढ़ाने एवं साहित्यकारों में रुचि जगाने के लिए ।

(2) भाषा-ज्ञान बढ़ाने और सामान्य ज्ञान में रुचि जगाने के लिए ।

(3) पढ़ने में रुचि जगाने एवं भाषा-ज्ञान में वृद्धि के लिए ।

(4) पढ़ने में रुचि जगाने एवं सामान्य ज्ञान में वृद्धि के लिए ।

117. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है –

(1) भाषा के व्याकरण को कंठस्थ करना ।

(2) साहित्यिक विधाओं में रचना करना ।

(3) भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को पहचानना ।

(4) भाषा के आलंकारिक रूप को पहचानना ।

118. "विभिन्न कार्यक्षेत्रों से जुड़ी प्रयुक्तियों से विद्यार्थियों को परिचित कराया जाना चाहिए ।" इस कथन में 'प्रयुक्ति' से तात्पर्य है –

(1) भाषा के नियम

(2) शब्दों की व्युत्पत्ति

(3) विभिन्न भाषा उदाहरण

(4) विशिष्ट भाषा-प्रयोग

119. भाषा-शिक्षण की किस विधि में मातृभाषा को मध्यस्थ नहीं रखा जाता ?

(1) अनुवाद विधि

(2) प्रत्यक्ष विधि

(3) व्याकरण विधि

(4) सूत्र विधि

120. भाषा-शिक्षण के संदर्भ में किसी शिक्षक के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –

(1) निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करना ।

(2) परीक्षा का आयोजन करना ।

(3) पाठ्यचर्या सहगामी क्रियाओं का आयोजन करना ।

(4) भाषा-प्रयोग के अधिक अवसर प्रदान करना ।

भाग – V

## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150),** if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **121-129**) by selecting the **most appropriate** options :

The massive fort of Jodhpur looked down from the hill at the new city which had sprawled out around the old one. The desert lay beyond the city. It crouched there like a lion, and was the colour of one, its rippled tawny pelt flea-specked here and there with small clumps of scrub. A gritty wind blew out of it, little rivers of sand eddied briefly down the pavements, then were snatched back into the air and flung like a challenge to the south. At the edge of the city, herds of camels twined their long necks around stunted trees, as though they were snakes. Then there were no more trees. Tall whirlwinds of sand marched down towards us from the horizon.

The desert enclosed us for the next ten days. There was a glare and dazzle on the skyline at dawn, then the ferocious eye of summer opened for a long look at its domain. For the next twelve hours it scowled down at the sand. We closed our eyes, visualized shadow and water, narrowed them open once more to the parch and scald of the desert wind. The shifting wind caused the dunes constantly to collapse and reform, or drifted them lazily out as bulwarks across the road. The car had to stop at frequent intervals, so that we could clear the heaped sand away, or because one of the tyres, hissing on the burning surface of the tarmac, had exploded. During those prolonged and sweaty intervals by the roadside, we were passed, sometimes, by the ghostly herds of livestock moving south.

**121. The only objects that actually broke the monotony of the vast desert were :**

(1) lions living in it.

(2) rivers of sand in it.

(3) clumps of scrub here and there.

(4) shadow and water.

**122. Between the fort and the desert there is/are :**

(1) a hill

(2) two cities

(3) three cities

(4) no city

**123. _______ are compared to snakes.**

(1) Herds of camels

(2) Edges of the city

(3) Stunted trees

(4) Long necks of camels

**124. The narrator's style of description is :**

(1) scholarly

(2) poetic

(3) philosophic

(4) analytical

**125. '.......... the new city <u>which</u> had sprawled ..........'**

**Which part of speech is the underlined word in the above clause ?**

(1) Noun

(2) Pronoun

(3) Adjective

(4) Conjunction

**126. <u>The desert enclosed us</u> for the next ten days.**

**Voice in the above sentence has been correcly changed in :**

(1) We were enclosed by the desert.

(2) We had been enclosed by the desert.

(3) The desert had been enclosed.

(4) The desert was enclosed by us.

**127. Synonym for the word, 'clumps' is :**

(1) locks

(2) haunts

(3) bunches

(4) riots

**128. Antonym for the word, 'scowled' is :**

(1) smiled

(2) observed

(3) located

(4) frowned

**129. The desert looked like a lion because both are :**

(1) of the same colour

(2) massive

(3) ferocious

(4) found among the hills

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **130-135**) by selecting the **most appropriate** options :

In the affluent, industrialized nations giant surpluses of wheat, maize, and sorghum are commonplace; cattle, swine, and poultry are fed and fattened on cereal grains; meat, milk, eggs, fruits, and vegetables are within the economic reach of most of the population; well-balanced diets are more or less automatically achieved, and cereal products constitute only a modest portion of the 'daily bread'. Consequently, most of the people in such societies have difficulty in comprehending and appreciating the vital significance of providing high-yielding strains of wheat, rice, maize, sorghum and millet for the people of the developing nations. Understandably then, the majority of the urbanites in the industrialized nations have forgotten the significance of the words they learned as youngsters. 'Give us this day our daily bread.' They know that food comes from the supermarket, but only a few see beyond the necessary investments, the toil, struggle, and frustrations on the farms and ranches that provide their daily bread. Since the urbanites have lost their contact with the soil, they take food for granted and fail to appreciate the tremendous efficiency of their farmers and ranchers, who, although constituting only five percent of the labour force in a country such as the United States, produce more than enough food for their nation.

Even worse, urbanites often vociferously criticize their government for attempting to bring into balance the agricultural production of its farmers with the domestic and foreign market demands for farm products, and attempting thereby to provide the consumer an abundant food supply at reasonable cost and also to assure a reasonable return to the farmer and ranchers.

**130. How do they benefit from such a use ?**

(1) The soil gets enriched.

(2) The surplus does not get wasted.

(3) The country earns goodwill.

(4) Their citizens get balanced diets.

**131. People in the developed nations eat very little of :**

(1) Meat products

(2) Milk products

(3) Fruits and vegetables

(4) Cereals

**132. _______ do not play a great role in providing food to the dining tables in developed nations.**

(1) Farms

(2) Supermarkets

(3) Farm labourers

(4) Agricultural machines

**133. Synonym for the word, 'vociferously' is**

(1) stridently

(2) vocally

(3) vocational

(4) vividly

**134. Antonym for the word, 'modest' here is :**

(1) large

(2) rightful

(3) quick

(4) smart

**135. How do the rich countries use most of their surplus wheat and maize ?**

(1) They export them to help the developing countries.

(2) They feed their cattle and poultry.

(3) They give them free to the poor people.

(4) They burn them in the fields.

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options :

**136. What is the status of English in India ?**

**It is :**

(1) an associate official language.

(2) the official language

(3) a regional language

(4) a foreign language

137. Observation on a student's special academic ability includes :

(1) pays more attention to the areas of his/her interests.

(2) has a proper physical stature.

(3) accepts others' abilities and skills.

(4) gives unexpected and illogical answers.

138. A Phoneme is :

(1) a single unit of sound

(2) a single unit of a word

(3) a dipthong

(4) a vowel sound

139. Which one of the following is NOT a prescribed level of teaching ?

(1) Memory

(2) Differentiation

(3) Retention

(4) Understanding

140. A Task in task-based language learning is :

(1) a piece of assignment

(2) an activity for reading

(3) a piece of work which involves engagement with language.

(4) a physical activity

141. What are the other skills of language apart from listening, speaking, reading and writing ?

(1) Creativity and Imagination

(2) Learning and Memorization

(3) Grammar and Principles

(4) Thinking and Reasoning

142. Which one of the following considers words and word chunks as basis for language learning ?

(1) Word approach

(2) Lexical appraoch

(3) Grammar-translation method

(4) Dictionary approach

143. A non-fictional text is classified and organized through :

(1) Synonyms and Antonyms

(2) Simile and Rhetoric

(3) Central theme and Meanings

(4) Story and Plot

144. Which one of the following is NOT a poetic device ?

(1) Metaphor

(2) Alliteration

(3) Imagery

(4) Morpheme

**145. A class VII student makes mistakes in spelling. As a teacher would you**

(1) allow the student to use a mobile dictionary ?

(2) ask the student to re-pronounce the word ?

(3) show him his mistakes and ask him to repronouce them ?

(4) ignore the mistakes ?

**146. The idea of 'comprehensible input' was first used by :**

(1) Chomsky

(2) Vygotsky

(3) Steplen Krashen

(4) N.S. Prabhu

**147. If a teacher wants to develop the understanding of a text among her class students, what will be the best method ?**

(1) Asking questions

(2) Writing answers on the blackboard.

(3) Making students to tick the answer in the textbook.

(4) Asking students to pay attention to the classroom.

**148. A teacher found an advertisement pamphlet for sale of biscuits. She uses it for reading and speaking activities in her class. What do you call the pamphlet ?**

(1) Realia

(2) An authentic text

(3) Extra materials

(4) Newspaper clipping

**149. The Communicative Approach to teaching of language is related to :**

(1) teaching of grammar through principles of language and dictation

(2) teaching of language for written test

(3) narrating the grammatical principles according to the needs of the audience.

(4) honing the abilities of listening, speaking, reading, writing and meaning-making

**150. While reading a text, which one among the following can help students understand the relations between the parts of a sentence ?**

(1) Adverbs

(2) Pronouns

(3) Nouns

(4) Verbs

# भाग – V
# भाषा – II
# हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण** : परीक्षार्थी **भाग – V (प्र. सं. 121-150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश :** नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121-129) के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

'आदमी की तलाश' – यह स्वर अकसर सुनने को मिलता है । यह भी सुनने को मिलता है कि आज आदमी, आदमी नहीं रहा । इन्हीं स्थितियों के बीच दार्शनिक राधाकृष्णन की इन पंक्तियों का स्मरण हो आया – 'हमने पक्षियों की तरह उड़ना और मछलियों की तरह तैरना तो सीख लिया है, पर मनुष्य की तरह पृथ्वी पर चलना और जीना नहीं सीखा ।'

ज़िंदगी के सफ़र में नैतिक और मानवीय उद्देश्यों के प्रति मन में अटूट विश्वास होना ज़रूरी है । कहा जाता है – आदमी नहीं चलता, उसका विश्वास चलता है । आत्मविश्वास सभी गुणों को एक जगह बाँध देता है, यानी कि विश्वास की रोशनी में मनुष्य का संपूर्ण व्यक्तित्व और आदर्श उजागर होता है । गेटे की प्रसिद्ध उक्ति है कि जब कोई आदमी ठीक काम करता है, तो उसे पता तक नहीं चलता कि वह क्या कर रहा है, पर गलत काम करते समय उसे हर क्षण यह ख्याल रहता है कि वह जो कर रहा है, वह गलत है । गलत को गलत मानते हुए भी इंसान गलत किए जा रहा है । इसी कारण समस्याओं एवं अँधेरों के अंबार लगे हैं । लेकिन ऐसा ही नहीं है । कुछ अच्छे लोग भी हैं, शायद उनकी अच्छाइयों के कारण ही जीवन बचा हुआ है । ऐसे लोगों ने नैतिकता और सच्चरित्रता का खिताब ओढ़ा नहीं, उसे जीकर दिखाया । वे भाग्य और नियति के हाथों खिलौना बनकर नहीं बैठे, स्वयं के पसीने से अपना भाग्य लिखा । महात्मा गांधी ने इसीलिए कहा कि हमें वह परिवर्तन खुद बनना चाहिए, जिसे हम संसार में देखना चाहते हैं । जरूरत है कि हम दर्पण जैसा जीवन जीना सीखें । उन सभी खिड़कियों को बंद कर दें, जिनसे आने वाली गंदी हवा इंसान को इंसान नहीं रहने देती । मनुष्य के व्यवहार में मनुष्यता को देखा जा सके, यही 'आदमी की तलाश' है ।

**121. अनुचित कार्य करते समय मनुष्य को –**

(1) पता ही नहीं होता कि वह अनुचित कर रहा है ।

(2) मालूम रहता है कि वह ठीक नहीं कर रहा ।

(3) विश्वास रहता है कि किसी को पता नहीं चलेगा ।

(4) अच्छे मार्ग से कुछ पाने का भरोसा नहीं होता ।

**122. '<u>अँधेरों के</u> अंबार लगे हैं' – रेखांकित का भाव है –**

(1) अंधकार के

(2) बुराइयों के

(3) विघ्न-बाधाओं के

(4) दुर्भाग्य के

**123. शेष से भिन्न शब्द को पहचानिए –**

(1) मनुष्यता

(2) उछलता

(3) नैतिकता

(4) सच्चरित्रता

**124. 'ज़रूरत है कि हम दर्पण-जैसा जीवन जीना सीखें ।' रचना की दृष्टि से उपर्युक्त वाक्य है –**

(1) सरल वाक्य

(2) कठिन वाक्य

(3) मिश्र वाक्य

(4) संयुक्त वाक्य

125. 'मन में <u>अटूट</u> विश्वास होना ज़रूरी है ।' उपर्युक्त वाक्य में 'अटूट' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है –

(1) संज्ञा

(2) सर्वनाम

(3) विशेषण

(4) क्रिया-विशेषण

126. मुख्य भाव के अनुसार गद्यांश का सबसे उपयुक्त शीर्षक हो सकता है –

(1) मानवीय उद्देश्य

(2) सच्ची मानवता

(3) जीवन यात्रा

(4) आदमी की तलाश

127. सभी गुणों को एक स्थान पर जोड़ने की शक्ति किसमें बताई गई है ?

(1) मनुष्य में

(2) नैतिकता में

(3) सच्चरित्रता में

(4) आत्मविश्वास में

128. कौन-सा शब्द लिंग की दृष्टि से शेष से भिन्न है ?

(1) पक्षी

(2) नदी

(3) मछली

(4) पृथ्वी

129. 'आदमी आदमी नहीं रहा' – कथन का भाव है –

(1) आदमी देवता बन गया ।

(2) मनुष्य राक्षस जैसा बन गया ।

(3) मानव प्रगतिशील हो गया ।

(4) मनुष्य में मनुष्यता नहीं रही ।

**निर्देश** : नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए । (प्र.सं. 130-135)

अधिकतर लोगों की यही शिकायत होती है कि उन्हें पनपने के लिए सटीक माहौल व संसाधन नहीं मिल पाए, नहीं तो आज वे काफी आगे होते । और आज भी ऐसे कई लोग हैं, जो संसाधन और स्थितियों के अनुकूल होने के इंतज़ार में खुद को रोके हुए हैं । ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है – इंतज़ार मत कीजिए, समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता । जितने संसाधन आपके पास मौजूद हैं, उन्हीं से शुरुआत कीजिए, और आगे सब बेहतर होता जाएगा । जिनके इरादे दृढ़ होते हैं, वे सीमित संसाधनों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं ।

नारायण मूर्ति ने महज दस हज़ार रुपये में अपने छह दोस्तों के साथ इन्फोसिस की शुरुआत की, और आज इन्फोसिस आईटी के क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है । करौली टैकस, पहले अपने दाएँ हाथ से निशानेबाजी करते थे, मगर उनका वह हाथ एक विस्फोट में चला गया । फिर उन्होंने अपने बाएँ हाथ से शुरुआत की और 1948 व 1950 में ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया । लिओनार्दो द विंची, रवींद्रनाथ टैगोर, टॉमस अल्वा एडिसन, टेलीफोन के आविष्कारक ग्राहम बेल, वॉल्ट डिज़्नी – ये सब अपनी शुरुआती उम्र में डिस्लेक्सिया से पीड़ित रह चुके हैं, जिसमें पढ़ने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, फिर भी ये सभी अपने-अपने क्षेत्र के शीर्ष पर पहुँचे । अगर ये लोग भी इसी तरह माहौल और संसाधनों की शिकायत और इंतजार करते, तो क्या कभी उस मुकाम पर पहुँच पाते, जहाँ वे मौजूद हैं ? अगर हमने अपना लक्ष्य तय कर लिया है, तो हमें उस तक पहुँचने की शुरुआत अपने सीमित संसाधनों से ही कर देनी चाहिए । किसी इंतज़ार में नहीं रहना चाहिए । ऐसे में इंतज़ार करना यह दर्शाता है कि हम अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं हैं । इसलिए हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा । इंतज़ार करेंगे, तो करते रह जाएँगे ।

130. नारायण मूर्ति, ग्राहम बेल आदि के उदाहरण क्यों दिए गए हैं ?

(1) सफल अमीर होने के कारण

(2) प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सफलता पाने के कारण

(3) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त होने के कारण

(4) सीमित संसाधन होने के कारण

131. 'इंतज़ार करेंगे तो करते रह जाएँगे' – कथन का तात्पर्य है –

(1) प्रतीक्षा कभी समाप्त नहीं होती ।

(2) प्रतीक्षा करना ठीक नहीं ।

(3) स्थिति अनुकूल होने की प्रतीक्षा करना व्यर्थ है ।

(4) प्रतीक्षा करने के लिए धैर्य होना आवश्यक है ।

132. 'समय <u>एकदम</u> अनुकूल कभी नहीं होता' – यहाँ 'एकदम' का अर्थ है –

(1) तुरंत

(2) तत्काल

(3) पूर्णतः

(4) अचानक

133. 'हमें अपनी इच्छाशक्ति को मज़बूत कर जुट जाना होगा ।' उपर्युक्त वाक्य से बना संयुक्त वाक्य होगा –

(1) हमें अपनी इच्छाशक्ति को मज़बूत करना होगा और जुट जाना होगा ।

(2) हमें जुट जाना होगा और फिर इच्छाशक्ति को मजबूत करना होगा ।

(3) हमें इच्छाशक्ति को मज़बूत करना है इसलिए जुट जाना होगा ।

(4) यदि हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है तो जुट जाना होगा ।

134. 'डिस्लेक्सिया' शब्द है –

(1) तत्सम

(2) तद्भव

(3) देशज

(4) आगत

135. '<u>ऐसे लोगों के लिए</u> ही किसी विद्वान ने कहा है' – रेखांकित अंश का संकेत है –

(1) अनुकूल परिस्थितियों में बढ़े लोग

(2) अनुकूल परिस्थितियों की प्रतीक्षा कर रहे लोग

(3) प्रतिकूल स्थितियों को अनुकूल बनाते लोग

(4) दृढ़ इरादों वाले लोग

**निर्देश** : नीचे पूछे गए प्रश्नों के **सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।

136. दो भाषा बोलने वाले बच्चे न केवल अन्य भाषाओं पर अच्छा नियंत्रण रखते हैं, बल्कि शैक्षिक स्तर पर वे –

(1) अधिक अंक प्राप्त करते हैं ।

(2) अधिक रचनात्मक होते हैं ।

(3) अधिक बुद्धिमान होते हैं ।

(4) अधिक परिश्रमी होते हैं ।

137. आगमन विधि में हम बढ़ते हैं –

(1) नियम से उदाहरणों की ओर

(2) उदाहरणों से नियम की ओर

(3) भाषा से व्याकरण की ओर

(4) व्याकरण से भाषा की ओर

**138. वाइगोत्स्की के अनुसार किसी शब्द का अर्थ –**

(1) शब्दकोश के अनुसार होता है ।

(2) सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ से उपजता है ।

(3) व्याकरण-आधारित होता है ।

(4) वक्ता पर निर्भर होता है ।

**139. हिंदी भाषा की कक्षा में एक बच्चा बोलते समय अपनी मातृभाषा के शब्दों का प्रयोग करता है । ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे ?**

(1) उसे टोकेंगे नहीं और उसकी मातृभाषा के शब्दों के स्थान पर हिंदी के शब्दों का प्रयोग कर वाक्य को दोहराएँगे ।

(2) उसे टोकेंगे नहीं और उसकी मातृभाषा के शब्दों का ही प्रयोग स्वयं भी करेंगे ।

(3) उसे टोकेंगे और उसकी मातृभाषा के शब्दों के स्थान पर हिंदी के शब्दों का प्रयोग दृढ़ता से करवाएँगे ।

(4) उसकी भाषिक अभिव्यक्ति पर ध्यान नहीं देंगे और पाठ जारी रखेंगे ।

**140. निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थानों के लिए उपयुक्त शब्दों वाला विकल्प चुनिए :**

"______ में बोली जाने वाली, ______ के बीच और पड़ोस की भाषाओं तथा ______ में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा के बीच के फासले को पाटने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए ।"

(1) स्कूल, समुदाय, पाठ्य-पुस्तक

(2) घर, दोस्तों, स्कूल

(3) घर, समुदाय, पाठ्य-पुस्तक

(4) समुदाय, दोस्तों, साहित्य

**141. भाषा का पोर्टफोलियो हो सकता है –**

(1) प्रश्नानुसार लिखित उत्तरों का संग्रह

(2) प्रपत्रों का संगठित और क्रमबद्ध संग्रह

(3) प्रपत्रों का आकर्षक संग्रह

(4) परियोजना कार्यों का संगठित संग्रह

**142. आकलन एक सतत प्रक्रिया है । इसका प्राथमिक उद्देश्य है –**

(1) विषय-वस्तु, शिक्षण, पाठ्य सामग्री और प्रशिक्षण में सुधार की प्रतिपुष्टि

(2) विषय-वस्तु, पाठ्य-पुस्तक, शिक्षक और कक्षा में सुधार का समर्थन

(3) प्रविधि, पाठ्य-पुस्तक, शिक्षक और विद्यार्थी में सुधार का अवलोकन

(4) प्रविधि, सामग्री, शिक्षक और कक्षाकार्य निष्पादन में सुधार की प्रतिपुष्टि

**143. "भाषा सीखने की क्षमता जन्मजात होती है ।" – यह विचार किसकी देन है ?**

(1) स्किनर

(2) पावलोव

(3) चॉम्स्की

(4) थॉर्नडाइक

**144. बच्चों में सृजनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करने के लिए सर्वश्रेष्ठ विधि है –**

(1) दो दिन के अवकाश के लिए पत्र लिखवाना ।

(2) मेरा आदर्श विद्यालय पर निबंध लिखवाना ।

(3) पढ़ी गई कहानी को संक्षेप में लिखना ।

(4) भूकंप आने पर जो तबाही हुई उसके बारे में अपने अनुभव लिखना ।

145. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में किसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका नहीं है ?

(1) संचार-माध्यम

(2) पाठ्य-पुस्तक

(3) अभ्यास पत्रक

(4) प्रश्न-पत्र

146. सांस्कृतिक पर्वों के दौरान कक्षा में लोकगीतों की प्रस्तुति का आयोजन करने का उद्देश्य है –

(1) स्थानीय अनुभवों की परख करना ।

(2) बाहरी अनुभवों को कक्षा के अनुभवों से जोड़ना ।

(3) बच्चों की सांस्कृतिक जानकारी को बढ़ाना ।

(4) बच्चों की गायन क्षमता का विकास करना ।

147. गद्य पाठों के शिक्षण का उद्देश्य <u>नहीं</u> है –

(1) भाषा-संरचना की समझ बढ़ाना ।

(2) विभिन्न प्रकार की भाषिक प्रयुक्तियों का परिचय देना ।

(3) समृद्ध भाषा-प्रयोगों के उदाहरण प्रस्तुत करना ।

(4) समस्त गद्य-विधाओं का पूर्ण ज्ञान देना ।

148. भाषा-अर्जन और भाषा-अधिगम में अंतर का आधार <u>नहीं</u> है –

(1) स्वाभाविकता

(2) सहजता

(3) सांस्कृतिकता

(4) कुशलता

149. समृद्ध बाल-साहित्य का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है –

(1) कल्पनाशक्ति का विकास

(2) सृजनात्मक भाषा-प्रयोग का विकास

(3) नैतिक मूल्यों का विकास

(4) भाषा संरचना का विकास

150. भाषा-शिक्षक की भूमिका में महत्त्वपूर्ण यह है कि वह –

(1) पाठ्य-पुस्तक को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करा दे ।

(2) पाठ्य-पुस्तक की सीमा से स्वतंत्र होकर विविध संदर्भों में भाषा-प्रयोग को महत्त्व दे ।

(3) पाठ्य-पुस्तक आधारित आकलन के स्थान पर स्वयं बहुविकल्पी प्रश्न तैयार करे ।

(4) पाठ्य-पुस्तक को ही आकलन का एकमात्र आधार माने ।

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ कार्य के लिए जगह

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन प्रश्न पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्वीच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

**READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS:**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***



SEAL